प्रेषक,

आलोक दूबे
अपर जनपद न्यायाधीश,
कोर्ट सं० 18, गाजियाबाद।

सेवा में,

श्रीमान महानिबंधक
माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
गाजियाबाद।

विषयः— पासपोर्ट बनवाने हेतु अनापत्ति प्रमाणपत्र के संबंध में प्रार्थनापत्र।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में निवेदन है कि प्रार्थी की चचेरी बहन आयरलैण्ड में रहती है, जिनसे मिलने के लिये प्रार्थी ग्रीष्मकालीन अवकाश में आयरलैण्ड जाना चाहता है। इस हेतु प्रार्थी को पासपोर्ट बनवाने के लिये अनापत्ति प्रमाणपत्र की आवश्यकता है। लगभग 10 वर्ष पूर्व प्रार्थी को एक विभागीय अनापत्ति प्रमाणपत्र पासपोर्ट बनवाने हेतु जारी हुआ था, किन्तु अपरिहार्य व्यक्तिगत कारणों से प्रार्थी अब तक पासपोर्ट नहीं बनवा सका व उक्त अनापत्ति प्रमाणपत्र गुम हो गया है। वर्तमान में प्रार्थी को पासपोर्ट की अति आवश्यकता है। ऐसे में विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी के पक्ष में पासपोर्ट बनवाने हेतु एक अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने की कृपा करें।

सूचनार्थ सादर प्रेषित।

भवदीय
11.10.19

दिनांकः— 11.10.2019

(आलोक दूबे)
अपर जनपद न्यायाधीश,
कोर्ट सं० 18, गाजियाबाद।

पृष्ठांकन संख्या— 5157/I दिनांकित 11.10.19

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट सं0-18, गाजियाबाद

अग्रसारित,

महानिबंधक
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

11.10.19

जनपद न्यायाधीश
गाजियाबाद

District Judge
Ghaziabad